इलिनॉय किराया भुगतान कार्यक्रम

आवास प्रदाताओं के लिए अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

आवेदन

1. मैं इलिनॉय किराया भुगतान कार्यक्रम के लिए कैसे आवेदन करूं?
2. मैं कितने आवेदन जमा कर सकता/सकती हूं, क्या इस पर कोई सीमा है?
3. अगर मेरा किराएदार कार्यक्रम में भाग नहीं लेना चाहे तो क्या होगा?

कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण

4. मुझे कितनी सहायता मिल सकती है?
5. इलिनॉय किराया भुगतान कार्यक्रम के अनुदानों को स्वीकृत आवेदकों में कैसे वितरित किया जाएगा?
6. यदि मेरा आवेदन स्वीकार हो जाता है तो क्या मुझे अनुदानों का वापिस भुगतान करना पड़ेगा?
7. आवेदन स्वीकार होने की सूरत में क्या आवास प्रदाता इलिनॉय किराया भुगतान कार्यक्रम के अनुदानों पर कर का भुगतान करेंगे?
8. क्या इलिनॉय किराया भुगतान कार्यक्रम का अनुदान समाप्त हो सकता है?

पात्रता

9. इलिनॉय किराया भुगतान कार्यक्रम से सहायता प्राप्त करने के लिए कौन पात्र है?
10. क्या इलिनॉय किराया भुगतान कार्यक्रम की सहायता के लिए अप्रवास की स्थिति की कोई आवश्यकताएं हैं?
11. यदि मेरे किराएदार को पूर्व में IHDA से आपातकालीन किराये की सहायता प्राप्त हुई हो तो क्या वे इलिनॉय किराया भुगतान कार्यक्रम से सहायता प्राप्त कर सकते हैं?
12. मैं इलिनॉय में किराये की संपत्ति के साथ राज्य के बाहर का आवास प्रदाता हूं। क्या मैं अपने इलिनॉय निवासी किरायेदारों के साथ एक संयुक्त आवेदन शुरू कर सकता हूं?
13. मेरे किरायेदारों को धारा 8/आवास विकल्प वाउचर मिलते हैं। क्या वे इलिनॉय किराया भुगतान कार्यक्रम के लिए पात्र हैं?
14. क्या कॉर्पोरेट आवास प्रदाता इलिनॉय किराया भुगतान कार्यक्रम में आवेदन करने के लिए पात्र हैं?
15. 15. मैं एक बहु-इकाई वाली बिल्डिंग का मालिक और रहवासी हूं जिसमे किराएदार भी रहते हैं। यदि मेरी बिल्डिंग में रहने वाला कोई किरायेदार पात्रता आवश्यकताओं को पूरा करता है, तो क्या मैं एक संयुक्त आवेदन शुरू कर सकता हूं?

आवश्यक दस्तावेज़

16. इलिनॉय किराया भुगतान कार्यक्रम में आवेदन करने के लिए मुझे किस जानकारी की आवश्यकता होगी?
17. क्या मुझे आवेदन करने के लिए लीज़ की आवश्यकता है?
18. क्या मेरेे किरायेदार को आवेदन करने के लिए सामाजिक सुरक्षा नंबर की आवश्यकता है?

समीक्षा प्रक्रिया से गुजरना

19. आवेदन के मेरे भाग को पूरा करने के बाद क्या होगा?
20. मेरे किरायेदार द्वारा आवेदन के अपने भाग को पूरा करने के बाद क्या होगा?
21. मैं अपने जमा किए गए आवेदन की स्थिति की जांच कैसे कर सकता/सकती हूं?
22. क्या IHDA पूर्ण आवेदनों की समीक्षा करने के लिए लॉटरी प्रणाली का उपयोग करेगा?

23. मुझे कब सूचित किया जाएगा कि मेरा आवेदन स्वीकृत या अस्वीकृत हो गया है?
24. मुझे कैसे सूचित किया जाएगा कि मेरा आवेदन स्वीकृत या अस्वीकृत हो गया है?

अधिक जानकारी

25. क्या मैं अपने शहर या काउंटी द्वारा प्रस्तावित अन्य आपातकालीन किराया सहायता कार्यक्रमों के लिए आवेदन कर सकता/सकती हूं?
26. मैं कार्यक्रम से संबंधित प्रश्नों के लिए किससे संपर्क करूं?
27. अगर मुझे लगता है कि इलिनॉय किराया भुगतान कार्यक्रम के मामले में कोई व्यक्ति IHDA को झूठी जानकारी दे रहा है तो मुझे क्या करना चाहिए?

अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

- ***जब लागू हो, इस दस्तावेज़ में शामिल जानकारी को नियमित रूप से अपडेट किया जाएगा***
- **आवास प्रदाता अब एक ILRPP आवेदन शुरू नहीं कर सकते हैं। आवास प्रदाता के नेतृत्व वाली आवेदन अवधि 13 जून, 2021 को बंद होगई। किरायेदार के नेतृत्व वाला आवेदन पोर्टल 28 जून से 18 जुलाई, 2021 तक खुला रहेगा। किरायेदार जिनके आवास प्रदाताओं ने एक आवेदन शुरू नहीं किया है या जो अपना आवेदन पूरा करने की समय अवधि से चूक गए हैं वे आवेदन कर सकते हैं और अपने मकान मालिक को भाग लेने के लिए आमंत्रित कर सकते हैं।**

आवेदन

1. **मैं इलिनॉय किराया भुगतान कार्यक्रम के लिए कैसे आवेदन करूं?**
   - ILRPP आवेदन एक संयुक्त आवेदन है जो किरायेदार के साथ शुरू होता है। किरायेदार द्वारा अपना हिस्सा पूरा कर लेने के बाद, आवास प्रदाता से, आवेदन के अपने हिस्से को पूरा करने के निर्देशों के साथ, ईमेल से संपर्क किया जाएगा। **सभी ILRPP आवेदनों को ILRPP.IHDA.org पर ऑनलाइन जमा करना आवश्यक है।** आवेदन को तब तक पूरा नहीं माना जाएगा जब तक कि किरायेदार और आवास प्रदाता दोनों संयुक्त आवेदन के अपने-अपने हिस्सों को पूरा नहीं कर लेते हैं।
   - जिन किरायेदारों को ऑनलाइन आवेदन करने में बाधाएं आती हैं उनकी मदद के लिए हाउसिंग स्टेबिलिटी सर्विसर (HSS) के संघटन मौजूद हैं। उपलब्ध HSS एजेंसी से जुड़ने के लिए IHDA के ILRPP कॉल सेंटर से 1-866-IL-HELP1 (454- 3571) पर संपर्क करें या हमारी वेबसाइट पर जाएँ: हाउसिंग स्टेबिलिटी सर्विसर प्रोवाइडर्स (HSS)
2. **मैं कितने आवेदन जमा कर सकता/सकती हूं, क्या इस पर कोई सीमा है?**
   - कोई सीमा नहीं है। आवास प्रदाता पात्रता आवश्यकताओं को पूरा करने वाले अधिक से अधिक वर्तमान किराए के घरों के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवास प्रदाताओं के लिए प्रत्येक परिवार के लिए अलग से आवेदन करना आवश्यक है।
3. **अगर मेरा किरायेदार कार्यक्रम में भाग नहीं लेना चाहे तो क्या होगा?**
   - सहायता के लिए विचारधीन होने के लिए किरायेदारों का आवेदन में अपने हिस्से को पूरा करना आवश्यक है। यदि किरायेदार भाग नहीं लेता है, तो संयुक्त आवेदन पूरा नहीं किया जा सकता है और यह अयोग्य है।

कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण

4. **मुझे कितनी सहायता मिल सकती है?**
   - जिन किरायेदारों के आवेदन स्वीकृत होंगे, उन्हें उनकी विशिष्ट आवश्यकता के अनुरूप एकमुश्त अनुदान प्राप्त होगा, जिसका भुगतान सीधे उनके आवास प्रदाता को किया जाएगा। अनुदान राशि अलग-अलग होगी, और अधिकतम अनुदान राशि $25,000 प्रति किरायेदार होगी। सहायता में 15 महीने तक की आपातकालीन किराये की सहायता, 12 महीने तक के छूटे हुए किराए के भुगतान और भविष्य के किराए के तीन महीने तक के भुगतान शामिल होंगे। कवरेज की अवधि जुलाई 2020 से सितंबर 2021 तक है।
5. **इलिनॉय किराया भुगतान कार्यक्रम के अनुदानों को स्वीकृत आवेदकों में कैसे वितरित किया जाएगा?**
   - यदि किरायेदार के आवेदन को स्वीकृति मिलती है तो IHDA आवेदन में प्रदान की गई भुगतान जानकारी का उपयोग करके चेक के रूप में किराएदार की तरफ़ से सीधे उनके आवास प्रदाता को अनुदान का भुगतान जारी करेगा।
   - 18 जुलाई 2021 को आवेदन पोर्टल बंद होने के बाद, किरायेदार और आवास प्रदाता दोनों द्वारा किए गए आवेदन, समीक्षा और वित्तपोषण के योग्य होंगे। यदि आवास प्रदाता ने आवेदन के अपने भाग को पूरा नहीं किया है, तो इसे एक अनुत्तरशील आवास प्रदाता आवेदन माना जाएगा। अनुत्तरशील आवास प्रदाता आवेदन को समीक्षा के योग्य बनने के लिए एक विशेष प्रक्रिया से होकर गुजरना होगा। IHDA द्वारा अतिरिक्त निर्देशों के साथ उन किरायेदारों से संपर्क किया जाएगा।
6. **यदि मेरा आवेदन स्वीकार हो जाता है तो क्या मुझे अनुदानों का वापिस भुगतान करना पड़ेगा?**
   - नहीं, यह सहायता अनुदान है और वापिस भुगतान आवश्यक नहीं है।
7. **आवेदन स्वीकार होने की सूरत में क्या आवास प्रदाता इलिनॉय किराया भुगतान कार्यक्रम के अनुदानों पर कर का भुगतान करेंगे?**
   - हां, आवास प्रदाता के लिए कर उद्देश्यों के लिए ILRPP सहायता को सकल आय माना जाएगा। किरायेदारों को ILRPP सहायता पर करों का भुगतान करने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि इसे घर के सदस्यों के लिए आय नहीं माना जाता है।
8. **क्या इलिनॉय किराया भुगतान कार्यक्रम का अनुदान समाप्त हो सकता है?**
   - आपातकालीन सहायता संघीय सरकार द्वारा प्रदान की जाती है और हमारा मानना है कि इलिनॉय के पास सहायता के पात्र सभी लोगों की सहायता करने के लिए पर्याप्त धन है।

पात्रता

9. **इलिनॉय किराया भुगतान कार्यक्रम से सहायता प्राप्त करने के लिए कौन पात्र है?**
   - इलिनॉय के किरायेदार ILRPP सहायता प्राप्त करने के लिए पात्र हो सकते हैं यदि:
     - परिवार को बेघर होने या आवास अस्थिरता का खतरा है (अर्थात घर को पिछले देय किराए या बेदखली नोटिस प्राप्त हुआ है)
     - परिवार इलिनॉय में रहता है और अपने घर को अपने प्राथमिक निवास के रूप में किराए पर लेता है।

- घर की कुल सकल आय स्थान के लिए क्षेत्र की औसत आय 80% से अधिक नहीं हो सकती है (काउंटी आय सीमा यहांदेखें)।
- परिवार ने कोविड-19 वैश्विक महामारी के कारण एक वित्तीय कठिनाई का अनुभव किया है जिसमें आय में कमी या खर्चों में वृद्धि शामिल है।

10. क्या इलिनॉय किराया भुगतान कार्यक्रम की सहायता के लिए अप्रवास की स्थिति की कोई आवश्यकताएं हैं?

- नहीं, ILRPP सहायता अप्रवास की स्थिति की परवाह किए बिना इलिनॉय में सभी पात्र किराएदारों के लिए उपलब्ध है। ILRPP सहायता "पब्लिक चार्ज" का लाभ नहीं है।

11. यदि मेरे किराएदार को पूर्व में IHDA से आपातकालीन किराये की सहायता प्राप्त हुई हो तो क्या वे इलिनॉय किराया भुगतान कार्यक्रम से सहायता प्राप्त कर सकते हैं?

- हां, हालांकि, जिन किरायेदारों को 2020 में पिछले-देय किराए को कवर करने के लिए आपातकालीन किराये की सहायता प्राप्त हुई है वे केवल 2021 में पिछले-देय/अपेक्षित किराए के लिए ILRPP सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

12. मैं इलिनॉय में किराये की संपत्ति के साथ राज्य के बाहर का आवास प्रदाता हूं। क्या मैं अपने इलिनॉय निवासी किरायेदारों के साथ एक संयुक्त आवेदन शुरू कर सकता हूं?

- हां। यदि आपका किरायेदार एक इलिनॉय निवासी है और उसने अपने प्राथमिक निवास के रूप में यूनिट को किराए पर ले रखा है, तो वह ILRPP सहायता के लिए पात्र हो सकता है।

13. मेरे किरायेदारों को धारा 8/आवास विकल्प वाउचर मिलते हैं। क्या वे इलिनॉय किराया भुगतान कार्यक्रम के लिए पात्र हैं?

- इस समय नहीं - भविष्य के कार्यक्रम के अपडेटज़ के लिए कृपया www.IHDA.org पर जाएं। यदि परिवारों ने आय में बदलाव का अनुभव किया है तो इन स्थितियों में उन्हें किराए के समायोजन के लिए अपने कार्यक्रम संचालक से संपर्क करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

14. क्या कॉर्पोरेट आवास प्रदाता इलिनॉय किराया भुगतान कार्यक्रम में आवेदन करने के लिए पात्र हैं?

- नहीं, ILRPP सहायता के लिए पात्र होने के लिए इकाई को किरायेदार का पूर्णकालिक, प्राथमिक निवास होना आवश्यक है। अस्थायी आधार पर किराए पर लेने वाले या द्वितीयक निवास किराए पर लेने वाले किरायेदार आवेदन करने के लिए पात्र नहीं हैं।

15. मैं एक बहु-इकाई वाली बिल्डिंग का मालिक और रहवासी हूं जिसमे किराएदार भी रहते हैं। यदि मेरी बिल्डिंग में रहने वाला कोई किरायेदार पात्रता आवश्यकताओं को पूरा करता है, तो क्या मैं एक संयुक्त आवेदन शुरू कर सकता हूं?

- हां। किरायेदार ILRPP सहायता के लिए पात्र हो सकते हैं बशर्ते वे अपनी इकाई किराए पर दें और आवास प्रदाता के घर के सदस्य न हों।

आवश्यक दस्तावेज़

16. इलिनॉय किराया भुगतान कार्यक्रम में आवेदन करने के लिए मुझे किस जानकारी की आवश्यकता होगी?

- आवेदन करने के लिए आवास प्रदाताओं को निम्नलिखित जानकारी की आवश्यकता होगी:
  - पिछले-देय किराए के प्रमाण
  - 2019 संपत्ति कर का बिल या 2021 के मासिक मॉर्गेज विवरण की प्रति
  - चेक वितरण के लिए अनुदान भुगतान की जानकारी
  - वर्तमान हस्ताक्षरित लीज़ (यदि उपलब्ध हो)
  - SSN या ITIN
  - कर्मचारी पहचान नंबर (यदि भुगतान एक व्यावसायिक इकाई को किया जाता है)
  - किराए की इकाई की जानकारी (इकाई का प्रकार, पता, किराए की राशि)
  - पूरी तरह से निष्पादित और वर्तमान संपत्ति प्रबंधन समझौता (यदि भुगतान एक संपत्ति प्रबंधक को किया जाता है)
  - कार्यक्रम की शर्तों पर सहमति
  - मान्य ईमेल पता

17. क्या मुझे आवेदन करने के लिए लीज़ की आवश्यकता है?

- यदि उपलब्ध हो तो वर्तमान लीज़ प्रदान करना आवश्यक है। यदि वर्तमान लीज़ उपलब्ध नहीं है तब भी आवास प्रदाता और किराएदार को सहायता के लिए आवेदन करने की अनुमति है।

18. क्या मेरे किरायेदार को आवेदन करने के लिए सामाजिक सुरक्षा नंबर की आवश्यकता है?

- नहीं, सामाजिक सुरक्षा नंबर (SSN) या व्यक्तिगत करदाता आईडी नंबर (ITIN) केवल आवास प्रदाताओं के लिए आवश्यक है।

समीक्षा प्रक्रिया से गुज़रना

19. मेरे आवेदन के मेरे हिस्से को पूरा करने के बाद क्या होगा?

- किरायेदार को आवेदन के अपने हिस्से को पूरा करने के निर्देशों के साथ 24 घंटों के भीतर एक ईमेल प्राप्त होगा। आवास प्रदाताओं को दृढ़ता से अपने किरायेदारों के साथ संवाद करने और उन्हें जागरूक करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है कि उन्होंने आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। आवेदन को तब तक पूरा नहीं माना जाएगा जब तक कि आवास प्रदाता और किरायेदार दोनों संयुक्त आवेदन के अपने-अपने हिस्सों को पूरा नहीं करते हैं ।

20. मेरे किरायेदार द्वारा अपने आवेदन के हिस्से को पूरा करने के बाद क्या होता है?

- मकान मालिक को आवेदन के अपने हिस्से को पूरा करने के निर्देशों के साथ 24 घंटों के भीतर एक ईमेल प्राप्त होगा। एक आवेदन को तब तक पूर्ण नहीं माना जाएगा जब तक कि आवास प्रदाता और किरायेदार दोनों ने अपनी जानकारी जमा नहीं कर दी हो।

21. मैं अपने जमा किए गए आवेदन की स्थिति की जांच कैसे कर सकता/सकती हूं?

- आवास प्रदाता और किरायेदार दोनों द्वारा अपनी जानकारी जमा करने के बाद, आवेदन समीक्षा के लिए IHDA की कतार में प्रवेश करेगा।

22. क्या IHDA पूर्ण आवेदनों की समीक्षा करने के लिए लॉटरी प्रणाली का उपयोग करेगा?

- आवेदक ILRPP.ihda.org/status पर अपने आवेदन की स्थिति की जांच करने के लिए अफनी आवेदन आईडी का उपयोग कर सकते हैं। आवेदन आईडी अनुभाग II और खंड III के पहले पृष्ठ पर पाई जा सकती है। कृपया ध्यान दें कि आवेदन स्थिति अपडेट तुरंत उपलब्ध नहीं होंगे।

23. मुझे कब सूचित किया जाएगा कि मेरा आवेदन स्वीकृत या अस्वीकृत हो गया है?

- IHDA को ILRPP सहायता के लिए अत्यधिक मांग की उम्मीद है और वे जितनी जल्दी हो सके पूर्ण आवेदनों की समीक्षा करेंगे। हमारा लक्ष्य है कि हम आवेदकों को स्वीकृति या अस्वीकृति के बारे में 60 से 90 दिनों के बीच सूचित करें।

24. मुझे कैसे सूचित किया जाएगा कि मेरा आवेदन स्वीकृत या अस्वीकृत हो गया है?

- कार्यक्रम के सभी संचार आवेदन में प्रदान किए गए ईमेल पते पर भेजे जाएंगे। आवास प्रदाताओं और किरायेदारों को आवेदन से जुड़े ईमेल खातों तक पहुंच बरकरार रखनी चाहिए।

अधिक जानकारी

25. क्या मैं अपने शहर या काउंटी द्वारा प्रस्तावित अन्य आपातकालीन किराया सहायता कार्यक्रमों पर आवेदन कर सकता/सकती हूं?

- हां, हालांकि, आवास प्रदाता एक ही अवधि के दौरान एक ही किरायेदार की तरफ़ से केवल एक स्रोत से किराये की सहायता स्वीकार कर सकते हैं।

26. मैं कार्यक्रम से संबंधित प्रश्नों के बारे में किससे संपर्क करूं?

- कृपया www.IHDA.org पर सहायता के लिए मौजूद आवास सहायता सेवा एजेंसियों में से एक से संपर्क करें। अतिरिक्त सहायता के लिए इलिनॉय हाउसिंग डेवलपमेंट अथॉरिटी से 1-866-ILHELP-1 (1-866-454-3571) पर संपर्क करें।

27. अगर मुझे लगता है कि इलिनॉय किराया भुगतान कार्यक्रम के संबंध में कोई व्यक्ति IHDA को झूठी जानकारी दे रहा है, तो मुझे क्या करना चाहिए?

- IHDA धोखाधड़ी के सभी आरोपों को गंभीरता से लेता है। यदि किसी के पास यह विश्वास करने का कारण है कि आपातकालीन किराये की सहायता प्राप्त करने के प्रयास में कोई व्यक्ति छलपूर्ण जानकारी प्रदान कर रहा है, तो कृपया questions.ilrpp@ihda.org पर यथासंभव जानकारी के साथ संपर्क करें ताकि IHDA मामले की तुरंत छान बीन कर सके। वैकल्पिक रूप से, लोग ऑफ़िस ऑफ़ द ऐगजीक्युटिव इंसपेक्टर जनरल में ऑनलाइन शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।